आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 04.2.2025

समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने लोकसभा में कहा – पिछले वित्त वर्ष में अनुमानित बेरोजगारी दर घटकर तीन दशमलव दो प्रतिशत रही।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – अगले दो से तीन वर्षों में दो सौ वंदे भारत, सौ अमृत भारत और पचास नमो भारत ट्रेन बनाई जाएंगी।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों की पदक तालिका में कर्नाटक 22 स्वर्ण के साथ पहले स्थान पर, एसएससीबी 19 स्वर्ण के साथ दूसरे स्थान पर और महाराष्ट्र 15 स्वर्ण के साथ तीसरे स्थान पर है।
- हरिद्वार के रोशनाबाद में आज से हॉकी स्पर्धाएं शुरू होंगी।
- देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के समीप वन विभाग की भूमि को खेल वन के रूप में विकसित किया जाएगा।

बेरोजगारी दर

केंद्र सरकार ने लोकसभा में बताया है कि पिछले वित्त वर्ष में बेरोजगारी दर पांच साल पहले के 6 प्रतिशत की तुलना में घटकर 3 दशमलव दो प्रतिशत हो गई है। श्रम और रोजगार राज्य मंत्री, शोभा करंदलाजे ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि नवीनतम आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण–पी एल एफ एस में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के युवाओं के बीच बेरोजगारी दर में कमी का संकेत दिया गया है।

रेल मंत्री

केंद्रीय बजट 2025–26 में उत्तराखण्ड में रेल नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण के लिए 4 हजार 641 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। ये जानकारी देते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रदेश के 11 स्टेशन को विकसित किया जाएगा। केंद्रीय बजट 2025–26 की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में रेल नेटवर्क के विस्तार के लिए आवंटित बजट प्रदेश में रेलवे कनेक्टिविटी के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर रेल कनेक्टिविटी से न केवल प्रदेशवासियों को लाभ मिलेगा बल्कि देश–विदेश से आने वाले करोड़ों पर्यटकों के लिए भी पर्यटन व तीर्थाटन के नए रास्ते खुलेंगे।

राष्ट्रीय खेल–01

और अब खबरें खेल महाकुंभ से––– 38वें राष्ट्रीय खेल के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर रोमांचक मुकाबले जारी हैं। पदक तालिका में 22 स्वर्ण के साथ कर्नाटक पहले, एस.एस.सी.बी 19 स्वर्ण के साथ दूसरे और महाराष्ट्र 15 स्वर्ण के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है। वहीं, उत्तराखंड 1 स्वर्ण समेत कुल 17 पदकों के साथ पदक तालिका में 19वें स्थान पर है। उत्तराखंड ने अब तक वुशु, बैटमिंटन, वेटलिफ्टिंग, हैंडबॉल और योगासन में अच्छा प्रदर्शन किया है। वुशु में राज्य को सबसे अधिक एक स्वर्ण सहित 12 पदक मिले हैं। जबकि बैडमिंटन में दो रजत, हैंडबॉल में एक रजत और योगासन में एक रजत पदक मिला है। अब बॉक्सिंग, कैनोइंग एंड कयाकिंग, एथलेटिक्स आदि खेलों में राज्य को पदक की उम्मीद है। उधमसिंह नगर के रूद्रपुर में आयोजित दस किलोमीटर एलीट स्क्रैच रेस स्पर्धा में कर्नाटक की पैडलर कीर्ती रंगास्वामी ने स्वर्ण पदक, असम की चयनिका गोगोई ने रजत और हरियाणा की मीनाक्षी ने कांस्य पदक जीता।

पुरुष वर्ग की 15 किलोमीटर एलीट स्क्रैच रेस स्पर्धा में एसएस सीबी के साहिल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने सभी से खेलों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया।

राष्ट्रीय खेल–02

उधमसिंह नगर में आयोजित खेल समारोह में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

अल्मोड़ा में आयोजित पारंपरिक योगासन एकल– महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल की ऋतु मंडल ने स्वर्ण पदक जीता। कर्नाटक की अनन्या सम्बय्या तथा महाराष्ट्र की सुहानी भाऊराव गिरीपुंजे को समान अंक मिलने पर कांस्य पदक दिया गया। इस मौके पर वर्ल्ड योगासन के महासचिव डॉ जयदीप आर्या ने उत्तराखंड में योगासना प्रतियोगिता का आयोजन करने के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया।

खेलों के अंतर्गत ऋषिकेश के शिवपुरी स्थित गंगा नदी के तट पर आयोजित बीच वॉलीबाल प्रतियोगिता पहले दिन तीन अलग–अलग वॉलीबाल कोर्ट में कुल 25 मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले पांच व फाइनल छह फरवरी को खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में आठ राज्यों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

हरिद्वार के रोशनाबाद में आज से शुरू हो रही हॉकी र्स्पधाएं 13 फरवरी तक चलेंगी। इस र्स्पधा के लिए प्रदेश की टीम में महिला और पुरुष वर्ग की 18–18 सदस्यों का चयन किया गया है। महिला टीम में हरिद्वार जिले से आठ खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

राष्ट्रीय खेल–03

देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के समीप स्थित वन विभाग की 2 दशमलव सात सात हेक्टेयर भूमि को खेल वन के रूप में विकसित किया जाएगा। राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले 1600 खिलाड़ियों के नाम से यहां पर रूद्राक्ष के पौधों का रोपण किया जायेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दस फरवरी को खेल वन का शुभारंभ करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से ग्रीन गेम्स की थीम पर राष्ट्रीय खेलों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। हरित पहल करते हुए सरकार ने कई ऐसे कदम उठाए हैं, जिनसे दूर–दूर तक पर्यावरण संरक्षण का संदेश जाएगा। राष्ट्रीय खेल सचिवालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सिन्हा ने बताया कि यहां लगाए जाने वाले हर पौधे से हमारी स्मृतियों में विजेताओं का सुनहरा प्रदर्शन हमेशा ताजा रहेगा।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

केंद्रीय आम बजट से उत्तराखंड को काफी लाभ मिला है– हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– उत्तराखंड के लिए रेल बजट में 4 हजार 641 करोड़ रुपये, खबर में मुख्यमंत्री धामी के हवाले से लिखा है– प्रदेश में मजबूत होगा रेल नेटवर्क...

उत्तराखंड के 12 शहरों के लिए 41 सौ करोड़ रूपये़ की विकास योजना तैयार– हिन्दुस्तान का शीर्षक, सब हेडलाइन के मुताबिक– मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई मंजूरी, राज्य ने केंद्र को भेजे प्रस्ताव.

प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत खेल प्रतियोगिताएं जारी.. अमर उजाला लिखता है– उत्तराखंड को वेटलिफ्टिंग में मिला कांस्य पदक... दूसरी खबर की हेडलाइन में लिखता हैकृ ताइक्वांडो में मैच फिक्सिंग का आरोप, डीओसी हटाए गए।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री धामी ने प्रचार के अंतिम दिन कई रोड शो किए– अमर उजाला का शीर्षक– 5 फरवरी को होगा मतदान।

उत्तराखंड में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियां शुरू... दैनिक जागरण लिखता है– चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर 5 फरवरी को होगी बैठक। खबर के मुताबिक 30 अप्रैल से शुरू होगी तीर्थयात्रा।

और राज्य में आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़े को रोकने के लिए अभियान जारी है.. दैनिक जागरण लिखता है– सत्यापन के बाद 5 दिन में 2 हजार 400 आयुष्मान कार्ड किए निरस्त।